दिन–रविवार दिनांक– 01/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार, देश में टिकाऊ इलेक्ट्रॉनिक कल–पूर्जों के निर्माण को बढ़ावा देने की योजना लाएगी। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत में इस्तेमाल किये जा रहे निन्यानवे प्रतिशत से अधिक मोबाईल फोन देश में ही बनाए जा रहे हैं और इस वर्ष एप्पल भी अपना नया फोन भारत में बनाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में रेल, सड़क, हवाई अड्डे और बंदरगाह से जुड़ी दो ट्रिलियन डॉलर की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल की ओर से देशभर में जाति आधारित गणना कराने और बिहार में विस्तारित आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आज सभी प्रखंड और जिला मुख्यालयों में धरना आयोजित किया जा रहा है। समस्तीपुर, सीतामढ़ी, बक्सर समेत प्रदेशभर में आयोजित धरना में पार्टी के सांसद, विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हैं।

————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक ने आज जदयू की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और वरिष्ठ मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव भी मौजूद थे। इधर, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान ने कहा कि उनकी जगह पर राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनित किया गया है।

————————————————————————

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए विभिन्न संभावनाएं तलाश रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में कहा कि सरकार इन मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक नीति पर काम कर रही है।

———————————————————————————

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग के महानिदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती के सेवानिवृत होने पर उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण – एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन सीपीआई –माओवादी के बिहार में सात स्थानों पर छापेमारी कर आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और गोला–बारूद बरामद किया है।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, वैशाली, सारण, औरंगाबाद, अरवल और भोजपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की सम्भावना जतायी है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति बनी हुई है, जिसके प्रभाव से प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी भागों में बारिश की परिस्थितियां बन रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थान पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————

गंगा, सोन, पुनपुन, बूढ़ी गंडक और घाघरा समेत राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से इक्यावन सेंटीमीटर और हाथीदह में अड़तालीस सेंटीमीटर ऊपर बहर रही है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में लाल निशान से पैंसठ सेंटमीटर ऊपर दर्ज किया गया। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में लाल निशान से नौ सेंटीमीटर ऊपर है। इधर, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से तिरानवे

सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से उन्नीस सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में बहत्तर सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

एसएसबी और नेपाल के एपीएफ के अधिकारियों की बैठक सुपौल जिले के वीरपुर में हुई। इस दौरान नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने, अवैध आवागमन और सीमा पर अतिक्रमण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान अधिकारियों ने दोनों देशों के बीच साझा रणनीति बनाने पर बल दिया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।